महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 4 मार्च को सुबह 10 बजे से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इसके उपरांत वे कबीरधाम और दुर्ग जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री रायपुर से दोपहर 12.10 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 12.40 बजे कबीरधाम जिले के ग्राम डोंगरिया पहुंचेंगे और वहां किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2.10 बजे दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड स्थित ठकुराईन टोलाघाट पहुंचेंगे और महाशिवरात्रि मेला मिलन समारोह में शामिल होंगे। वे अपरान्ह 3.40 बजे पाटन विकासखण्ड के ग्राम कौही और शाम पांच बजे आमालोरी में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम 6.30 बजे पदुमनगर भिलाई-3 आएंगे और वहां के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व में शामिल होंगे। वे भिलाई-3 स्थित अपने निवास में रात्रि विश्राम करेंगे।

ज्वेलर्स दुकान से सोने का चैन व अंगुठी लेकर आरोपी फरार, ठगी का मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। झांसे में लेकर ज्वेलर्स दुकान से सोने का चैन व अंगुठी खरीदकर ठगी किये जाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नत्थानी बिल्ड़िग के पास बुढ़ापारा निवासी वैभव सोनी 24 वर्ष पिता सुरेश सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 2 मार्च को दोपहर नत्थानी बिल्डिंग के पास बुढ़ापारा स्वास्तिक ज्वेलर्स से सौरव तहेल रम्मानी पिता स्व.रमेश रम्मानी निवासी गुढ़ियारी ने बहन की शादी है कहकर सोने का चैन 19 व सोने की अंगुठी 19 ग्राम खरीदकर पैसा रविभवन स्थित मोबाईल शॉप की दुकान से देने की बात कहकर ज्वेलर्स दुकान से नौकर को साथ ले गया और एक दुकान के सामने बैठाकर फरार हो गया। सोने का चैन व अंगुठी की कुल कीमत 65 हजार 6 सौ रुपये बतायी जा रही है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

युवक को चाकू मारकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। कूल्हे पर चाकू मारकर घायल कर देने की रिपोर्ट सरस्वती नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी सुरेन्द्र साल्वे 19 वर्ष पिता सुंदर साल्वे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि कोटा दुर्गानगर में दीपक मोंगराज निवासी मोतीलाल नगर ने गाली-गलौज करते हुये कुल्हे के पास चाकू मारकर घायल कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,324 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते कोचिये गिरफ्तार

कार्रवाई के दौरान 133 पाव व 7 बॉटल शराब जप्त

रायपुर(आरएनएस)। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले कोचियों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सतनामीपारा उरला निवासी उदय कुमार गायकवार्ड 32 वर्ष पिता स्व.तेजराम गायकवार्ड खमतराई ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध 30 पाव देशी शराब पाए जाने पर गिरफ्तार किया है। वही गोलबाजार थाना अंतर्गत कमल जाल 61 पिता भिखारी जाल को गोल बाजार आर्मी क्लब के पास 28 पाव अंग्रेजी शराब पाये जाने पर गिरफ्तार किया है। व तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत निषाद पाल पिता हेमंत पाल उम्र 31 साल निवासी आकाश नगर अवंतिविहार तेलीबांधा को राजीव गांधी नगर मोड के पास 6 बाटल शराब पाए जाने पर गिरफ्तार किया है। एवं दिनेश 30 पिता सुरेश काटोले निवासी विनोवाभावे नगर सिविल लाईन को फाफाडीह एसबीआई बैंक के पास अवैध रुप से 1 बाटल एवं 4 पाव देशी शराब पाए जाने पर गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों को अवैध रुप से शराब पाये जाने पर गिरफ्तार किया है। उनके पास से 41पाव अंग्रेजी शराब जप्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-1 के तहत कार्रवाई की है।

खरौद नगर मे विश्व का एकमात्र शिव मंदिर जहां रूद्राक्ष रूप मे होती है शिव की पूजा

0 लखनेश्वर मंदिर मे उमडती है महाशिवरात्रि मे भीड़ 0 वनवास के समय लक्ष्मण द्वारा पूजा करने पर हुए थे प्रगट

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। जिला मुख्यालय जांजगीर से 35 किमी की दूर मे स्थित खरौद नगर स्थित हैं जिसे छत्तीसगढ़ राज्य के काशी नगरी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां प्रदेश मे सबसे ज्यादा मंदिर यही है। यहां स्थित विश्व विख्यात लक्ष्मणेश्वर (शिव) मंदिर यहां के लक्ष्मणेश्वर मंदिर के शिव जी पर लोगों की वैसी ही श्रद्धा है जैसी काशी मे विश्वनाथ या फिर उज्जैन मे

महाकालेश्वर की।

खरौद नगर के लक्ष्मणेश्वर शिव का मंदिर इसलिए भी अनुठा है क्योकि यहां भोले शंकर शिव लिंग के रूप मे या मूर्ति रूप नही बल्कि रूद्राक्ष के रूप मे नजर आते है। ऐसी मान्यता है कि पूरे विश्व मे एक मात्र मंदिर है। जहां रूद्राक्ष रूप मे शंकर की पूजा होती है। संरक्षण क अभाव मे यह संरक्षित ऐतिहासिक धरोहर नष्ट होने के कगार पर है। सावन माह मे महीने मे यहां देशभर के श्रद्वालु आते है। लक्ष्मणेश्वर मंदिर के बारे में यह मान्यता है कि वनवास के समय लक्ष्मण जी ने यहां भगवान शंकर की आराधना की तो वे रूद्राक्ष रूप मे यहां प्रगट हुए। इसलिए मंदिर का नाम लक्ष्मणेश्वर मंदिर है। शिव के लक्ष्मणेश्वर होंने की दुसरी मान्यता है यह है कि वे यहां एक लाख मुख के साथ विराजे है। शिव की मूर्ति की आकृति रूद्राक्ष की तरह है मुर्ति के नीचे अथाह जल कुंड है।

खाली मैदान में जोरदार विस्फोट

0-पुलिस व बम स्कावायड की टीम घटना स्थल पर पहुंची
0-विस्फोट की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर पहुंचे

रायपुर (आरएनएस)। मंदिर हासौद थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव तोड़े गांव के एक खाली मैदान में आज सुबह जोरदार धमाका होने की आवाज सुनकर आस-पास ग्रामीण बड़ी संख्या में घटना स्थल पर पहुंच गये ग्रामिणों ने इस घटना की सूचना मंदिर हासौद थाने में दी। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस व बम निरोधक दस्ता घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में लग गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर हासौद बड़गांव तोड़ेगांव में आज सुबह 11 बजे के आस -पास खाली मैदान में जोरदार बिस्फोट होने से जमीन 4 से 5 फीट का गड्ढ़ा हो गया। आवाज इतनी तेज थी की बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गये। जिस जगह विस्फोट हुआ वहा आस-पास आबादी नही होने के चलते किसी को कोई नुकसान नही पहुंचा।

पेड़ों पर बौराए बौर से इस साल आम के बम्फर फसल की उम्मीद

जगदलपुर (आरएनएस)। इस वर्ष आम के पेड़ों में जिस प्रकार से बौर आये और अब धीरे-धीर अब झड़ते हुए आम की कैरियों के रूप में जिस प्रकार से

परिवर्तित हो रहे हैं उससे अमचूर व्यवसायियों में प्रसन्नता व्यापत है और उनका मानना है कि इस वर्ष अमचूर का व्यवसाय दोगुणा से अधिक हो सकता है। इस वर्ष जिस प्रकार से आम के पेड़ों में बौर आये और मौसम ने साथ दिया इसलिए इस वर्ष आम की पैदावार बस्तर में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हो सकती है। यदि परिस्थितियां सामान्य रही तथा शिवरात्रि के अवसर पर मौसम आंधी पानी का न रहा तो आम की फसल से इस वर्ष अंचल के ग्रामीण पर्याप्त लाभ कमा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि रियासत काल के समय से ही बस्तर में आम के पेड़ों को लगाया जाता था और गांव-गांव में परिजन अपने आसपास आम की अमराई बनाने के कोशिश करते थे।

4 गांवों के 3600 लोग जिंदगी गुजार रहे हैं तार के घेरों में

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर संभाग के सुकमा जिले का जगरगुण्डा एक ऐसा गांव है जहां चार गांव के 3600 ग्रामीण जेल की तरह तार के घेरों में रहते हैं और कहीं आना जाना हो तो बकायदा केन्द्रीय सुरक्षा बल के कैम्प में हाजरी देनी पड़ती है। यहां के लगभग सौ बच्चे जो एक ही स्कूल में अध्ययनरत है पैदायशी से आज तक बाहरी दुनियां को नहीं देखा। तार के घेरे में पैदायशी और पढ़ाई भी शुरू हो गई। प्रशासन ने दावा किया है कि जल्द ही तार के घेरे को इनकी

थाने में रोज देनी पड़ती है हाजिरी

जिन्दगी से दूर किया जायेगा।

बोली भाषा से अंजान परिवेश में अबोध बचपन की सरलता , सहजता ,अबोधपन और आंकाक्षाओं को पर लगाने की परवरिश अब परवाज बन चुकी है। यहां के अबोध बच्चे सरकार से आजादी की मांग कर रहें हैं ताकि तार के घेरे से बाहर रह सके।

यहां के सैकड़ों बच्चे जिनकी देखरेख केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल कर रहा है। आज अपनी हुनर, अपनी अकल के बल पर उस बाड़ को फलगाने आतुर दिखते हैं। जिसे फेसिंग कहा जाता है। सबसे अच्छी बात है हुनर के इस समर में बालिकाएं भी बालकों की बराबरी पर हैं। छोटी उम्र में बड़ी जिन्दगी जीने की रेस में अव्वल, अकेले और अलग रहने के पड़ाव से परिचित बचपन आज उस मुकाम की ओर बढ़ चला है जहां दिशाहीनता घातक हो सकती है । तीर कमान युग की पीढ़ी इंटरनेट और स्मार्ट फोन के दौर से गुजर रही है। विपरित भगौलिकता की भ्रम और भ्रांतियों को तोड़ने बेकरार बचपन न केवल अपना हुनर दुनियां को दिखाना चाहता है। वरन उसकी तमन्ना है कि दुनिया का हर कोना उसकी नजरों से गुजरें।

अस्तित्व खोते बौखलाए नक्सली बड़ी वारदात की फिराक में

जगदलपुर(आरएनएस)। अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे बस्तर के नक्सलियों ने आक्रामक रूख अपना लिया है और वे टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन को शुरू कर चुके हैं। इस परिवर्तन के साथ यह आशंका भी उत्पन्न हो गई है कि वे अपनी उपस्थिति तथा प्रभाव दिखाने सुरक्षा बलों पर तेज धावा बोल सकते हैं। इस टीसीओसी अभियान के शुरू होते ही जानकारी के अनुसार नक्सली आक्रामक रूख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को भी करने की फिराक हैं।

गोपनीय रिपोर्टों में कहा गया है कि पूर्व में नक्सली इन्हीं दिनों अपनी हिंसक कार्रवाई करने की कोशिश करते हैं और मौसम के खुलते ही अब ग्रीष्मकाल का इंतजार नहीं करते वरन फरवरी माह से ही यह अभियान शुरू कर देते हैं। यही अभी नक्सलियों की हरकत से सामने आ रहा है। सुरक्षा बलों की सजगता के कारण उन्हें किसी बड़ी कार्रवाई करने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार चुनाव के समय नक्सली अक्सर बड़ी घटनाओ को घटित करने की पूरी कोशिश करते हैं और यह इनका अभियान चुनाव के समय और अधिक तेज हो जाता है। इसीलिए सुरक्षा बलों को उसी प्रकार से ग्रामीणों को साथ लेकर नक्सलियों को घेरने की कोशिश करनी पड़ेगी।

किशोरी लापता,गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। किशोरी को बहला -फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने की रिपोर्ट सरस्वती नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कुकुरबेड़ा सरस्वती नगर निवासी 55 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है की 3 मार्च को कुकुरबेड़ा सरस्वती नगर से किसी ने बेटी को बहला -फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया है।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में बदली-बारिश के आसार

रायपुर(आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं, इसके अलावा राज्य के शेष स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा।

मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो कल उत्तर-पश्चिम राजस्थान और इसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में 0.9 किमी की ऊंचाई पर बना चक्रवाती घेरा आज आगे बढ़कर उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश पर सक्रिय हो गया है। इसके अलावा एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के चक्रवाती इलाके से लेकर विदर्भ तक जा रही है। मौसम विभाग की माने तो इस चक्रवाती घेरे और द्रोणिका के असर से प्रदेश में उत्तरी इलाकों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने अथवा तेज आंधी के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके अलावा राज्य के शेष इलाकों में मौसम पूरी तरह से शुष्क बना रहेगा। इधर राजधानी रायपुर के अलावा प्रदेश के कुछ स्थानों में कल रात हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद तापमान में एक बार फिर से बदलाव दर्ज किया गया है। आज सुबह राजधानी रायपुर में 20.7 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है। इसी तरह अंबिकापुर में 15.7, बिलासपुर में 20.0, पेण्ड्रारोड में 17.6 तथा जगदलपुर में 21.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया है।

प्रेमी जोड़े ने एक ही पंदे में फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोरबा (आरएनएस)। एक प्रेमी जोड़े ने एक साथ पेड़ में एक ही पंदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। बस्ती से करीब एक किलोमीटर दूर कोसम पेड़ में लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों को भी दोनों के बीच चल रहे प्रेम की भनक नहीं थी। उनके ऊपर भी दुख का पहाड़ टूट पड़ा।

दूरस्थ ग्राम घुंचापुर में उमेंद्र सिंह बिंझवार पिता आदल सिंह बिंझवार 28 रायपुर जिले में मजदूरी करता था। उसका अपने गांव की ही एक नाबालिग से चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी इनके घर वालों को भी नहीं थी। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह जब मृतक का भाई दिशा मैदान के लिए गांव से निकलकर नाला की तरफ गया, तो उसने कोसम पेड़ पर दोनों की

लाश लटकी अवस्था में देखी। बदहवास भाई तत्काल घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजनों को दी। थोड़ी देर में जंगल में लगी आग की तरह यह खबर गांव में फैल गई और मौके पर भीड़ लग गई। जिसने भी यह दृश्य देखा उसका कलेजा मुंह को आ गया। लटकी एक ही गमछा में दोनों की लाश लटक रही थी। बताया जा रहा है कि उमेंद्र रायपुर से अक्सर आना-जाना करता था। घटना के पहले वह रायपुर में ही था। शनिवार की रात वह कब गांव पहुंचा, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। नाबालिग ने भी शनिवार की देर रात भोजन करने के बाद सोने जाने की बात कही थी, लेकिन कब वह घर से बाहर निकली इसकी भनक परिजनों को नहीं लगी।

बच्चों के एग्जाम स्ट्रेस को पैरंट्स यूं करें छूमंतर

साल का वह समय आ गया है जब पैरंट्स को अपने बच्चों की एकस्ट्रा केयर करनी होगी, उनके पीछे दूध से भरा गिलास और हेल्दी फूड लेकर दौड़ना पड़ेगा और बच्चे ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई करते नजर आएंगे क्योंकि अभी चल रहा है एग्जाम टाइम। एग्जाम के समय बच्चों के दिमाग पर काफी दबाव होता है वे सबकुछ अकेले मैनेज नहीं कर पाते। ऐसे में जरूरी है कि माता-पिता उनकी मदद करें। हम आपको बता रहे हैं वे 7 असरदार तरीकों जिन्हें फॉलो कर आप बच्चों के एग्जाम स्ट्रेस को दूर करने के साथ-साथ खुद भी टेंशन-फ्री हो सकते हैं...

दिमाग शांत रखें- आपका दिमाग जितना शांत होगा आप उतने ही अधिक स्पष्ट तरीके से सोच पाएंगे और अपने बच्चे को स्ट्रेस-फ्री होने में मदद कर सकेंगे। अगर आप खुद पैनिक और नर्वस रहेंगे तो बच्चे पर और ज्यादा दबाव बनेगा। इसलिए दिमाग को शांत रखें और घबराएं नहीं। इससे बच्चा रिलैक्स होकर पढ़ाई कर सकेगा।

बच्चे की तुलना करना बंद करें- पैरंट्स की सबसे बड़ी गलती होती है जब वे अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से करते हैं या स्कोर को लेकर दूसरे बच्चे की तारीफ करते हैं और अपने बच्चों को डाटते हैं। ऐसा करने से बच्चे का आत्मविश्वास कम होता है। इसलिए दूसरे से तुलना कर बच्चे के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने की बजाय उन्हें मोटिवेट करें और हमेशा उनके साथ खड़े रहें।

डिस्ट्रैक्ट होने से बचाएं- बच्चों को फोकस करने पर लेक्चर देने की बजाय आप भी उनके साथ बैठें और फोकस करें। बच्चे को समझाएं कि कुछ डिस्ट्रैक्शन अगर हटा दिया जाए तो तुम अच्छे ग्रेड्स पा सकोगे। इन डिस्ट्रैक्शन में मुख्य रूप से शामिल हैं स्मार्टफोन,सोशल मीडिया आदि।

इश्क में मरजावां से होगी सोनारिका भदौरिया का कमबैक

टीवी की पार्वती यानी कि सोनारिका भदौरिया एक बार फिर से कमबैक की तैयारी में हैं। सोनारिका के बीते दो टीवी शो पृथ्वी वल्लभ और सलीम-अनारकली टीआरपी में सफल नहीं हो पाया। जिसके वजह से उनके इन दोनों शो को अचानक बंद करना पड़ा। लेकिन अब वह कलर्स चैनल के इस हिट शो इश्क में मरजावां में एक खास भूमिका निभाने जा रही हैं। इस शो में अर्जुन बिजलानी,निया शर्मा और अलीशा पंवार प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में इस शो ने लीप लिया है। लीप की कहानी अनुसार दीप को छोड़कर हर कोई आरोही को मारने का प्लान कर रहा है। जिसके चलते आने वाले एपिसोड में कई ट्विस्ट और टर्न के साथ सोनारिका की जबरदस्त एंट्री होने वाली है।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक शो में जल्द ही छह महीने का लीप लिया जाएगा। जिसके बाद दीप की एक नई दुनिया दिखाई जाएगी। इसी दुनिया का हिस्सा होंगी सोनारिका भदौरिया। ऐसे में सोनारिका की खूबसूरती और ग्लैमरस को देखते हुए उन्हें शो में लाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि टीवी स्क्रीन के साथ सोनारिका असल जिंदगी में भी काफी बोल्ड है। उनके इंस्टाग्राम से इसका साफ पता लगाया जा सकता है। चलिए आपको दिखाते हैं सोनारिका की ये तस्वीरें जिसने पिछले दिन बवाल मचा रखा है।

इसी साल शुरू होगी हेरा फेरी 3 की शूटिंग

अब से 19 साल पहले फिल्म हेरा फेरी रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब तक बॉलिवुड की सबसे बेहतरीन कॉमिडी फिल्मों में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी की तिकड़ी ने जो कॉमिडी का तड़का लगाया, उसे आज तक लोग भूल नहीं पाए हैं। इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट फिर हेरा फेरी भी रिलीज किया गया था और यह फिल्म भी हिट रही थी।

दर्शक पिछले काफी समय से इस फिल्म के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। अब लगता है दर्शकों की यह इच्छा पूरी होने वाली है। डायरेक्टर इंद्र कुमार ने यह कन्फर्म किया है कि जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा, मैं खुश हूं कि यह पॉप्युलर तिकड़ी एक बार फिर वापस

आने वाली है। हम इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। अभी इस फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। मैं अभी 3 महीने से इस पर ध्यान नहीं दे पा रहा था क्योंकि मैं टोटल धमाल को लेकर बिजी था।

इंद्र कुमार ने बताया कि हेरा फेरी के इस सीक्वल में दर्शकों को बेहतरीन विजुअल इफेक्ट भी देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार फिल्म में भारी-भरकम वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा।